तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 नपाध्यक्ष विजय सिन्हा ने किया नगर विकास...



11 शिव महापुराण देती है दूसरों के सुख के लिए त्याग की ...



## खबर संक्षेप

### भाजपा महिला मोर्चा की अहम बैठक, प्रज्ञा निर्वाणी होंगी शामिल

साजा। भाजपा महिला मोर्चा की बैठक शुक्रवार को साजा में आयोजित की गई है जिसमें नवनिर्वाचित जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी उपस्थित रहेंगे बैठक उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य जीत सिंह के निवास पर शाम 4 बजे आयोजित की गई है बैठक में महिला मोर्चा के संगठन पर भी चर्चा होगी जानकारी सरोजिनी यादव ने दी।

### पतोरा और मुड़पार में अवैध क्रेशर का संचालन दोनों पर कार्रवाई

दुर्ग। ग्राम पंचायत पतोरा और मुड़पार में अवैध रूप से संचालित क्रशरों पर कार्रवाई की गई है। ग्रामीणों ने इसे लेकर शिकायत की थी। ग्रामीणों का आरोप था कि इन क्रशरों के संचालन से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि निर्धारित मानकों की भी अनदेखी की जा रही है। खनिज विभाग ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पतोरा और मुड़पार का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि क्रशर संचालक पर्यावरण मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभाग ने छत्तीसगढ़ खनिज परिवहन भंडारण नियम 2009 एवं एमएम (डीआर) एक्ट 1987 की धारा 21 (5) के तहत प्रकरण दर्ज किया।

### घोराड़ी में फिर पकड़ाई अवैध शराब

दुर्ग। आबकारी विभाग ने एक बार फिर ग्राम भरर के घोराड़ी में अवैध शराब पकड़ी। इस क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब बिक्री और बनाने का कारोबार फलफूल रहा है। लगातार कार्रवाई के बाद भी अवैध शराब के इस कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। शिकायत के बाद आबकारी विभाग ने क्षेत्र में दबिश दी। घोराड़ी में आरोपी लोकेश पिता दयालू राम बंजारे के कब्जे से 40 पाव प्लेन मदिरा जप्त कर 34 (2) का प्रकरण कायम कर आरोपी को जेल दाखिला कराया गया। उक्त प्रकरण वृत्त प्रभारी अरविन्द साहू ने विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई के दौरान मुख्य आरक्षक संतोष दुबे, ड्राइवर नोहर मौजूद थे।

### मामूली विवाद पर चाकू से हमला, आरोपी पकड़ाया

भिलाई। मामूली विवाद को लेकर चाकू से हमला करने दो युवक व एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि राजेश कुमार सेन ने शिकायत किया था कि 18 नंबर रोड पटेल डेयरी के पास द क्लासिक कट्स के नाम से उनका सेलून दुकान है। 4 जनवरी की रात दुकान को बंद कर पुत्र पूनाराम सेन उर्फ विक्की घर लौट रहा था। इस दौरान घर के पास गली में पहुंचा था कि अज्ञात ने चाकू से हमला कर फरार हो गए। रविवार को दिन में बाल कटाने क्लासिक कट्स सेलून गया था। जहां दुकान में पूनाराम सेन उर्फ विक्की को बाल काटने बोला। लेकिन पूनाराम दूसरे का बाल कांट रहा था नहीं कांटा पर दोनों में विवाद गाली गलौज होने पर वहां से चले गया। इसी रंजिश के चलते उस पर हमला करने का प्लान तैयार कर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार गेट, थाना खुर्सीपार निवासी शेख शाहिल, छावनी मोहल्ला निकेश सेन को घटना की जानकारी दी।

### वाहन को लेकर हुआ विवाद तो बुजुर्ग की कर दी हत्या

भिलाई। वाहन ठीक से चलाने की हिदायत देने वाले वृद्ध को युवकों ने हाथ मुक्के से हमला कर मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची छावनी पुलिस ने संदेही को तुरंत पकड़ लिया है। शव को पीएम के लिए मरचूरी में भेज दिया और परिजनों को सूचना दी गई है। छावनी पुलिस ने बताया कि वीकर्मा राय 66 वर्ष और सुनील राय दोनों अपनी बाइक से लिंक रोड कैंप 2 से निकल रहे थे।

# एपीके फाइल के जरिए व्हाट्सएप हैकिंग का अलर्ट, आम नागरिकों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साइबर ठगी के तरीके दिन-ब-दिन और ज्यादा हाईटेक होते जा रहे हैं। जैसे-जैसे लोग सतर्क हो रहे हैं, वैसे-वैसे साइबर ठग भी नए-नए हथकंडे अपनाकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

जिले में इन दिनों एपीके फाइल के जरिए व्हाट्सएप हैकिंग के दर्जनों मामले सामने आए हैं, जिससे आम नागरिकों में दहशत का माहौल है। पीड़ितों ने बताया कि उनके व्हाट्सएप पर किसी परिचित नंबर से एक मैसेज आया, जिसमें परिवहन विभाग का हवाला देते हुए वाहन चालान कटने की जानकारी दी गई थी। मैसेज के साथ एक एपीके फाइल संलग्न थी। जैसे ही उपयोगकर्ता ने फाइल पर क्लिक किया, उसका व्हाट्सएप तत्काल हैक हो गया। व्हाट्सएप हैक होते ही पीड़ित के मोबाइल में सेव सभी कॉन्टैक्ट्स को अपने आप वही फर्जी मैसेज और एपीके फाइल भेज दी जाती है। परिणामस्वरूप, जिसने भी उस फाइल को खोला, उसका भी व्हाट्सएप हैक हो गया। इस तरह कुछ ही समय में यह कई लोगों तक पहुंच गई।

**व्हाट्सएप हैक, हर कोशिश रही बेकार:** व्हाट्सएप हैक होने के बाद पीड़ितों ने अकाउंट रिकवर करने की कई कोशिशें कीं, लेकिन सफलता नहीं मिली। मजबूरी में कई लोगों ने सावधानी के तौर पर पूरा मोबाइल रिसेट कर दिया। इससे उनके मोबाइल में मौजूद महत्वपूर्ण फोटो, दस्तावेज और अन्य जरूरी डाटा भी डिलीट हो गए।

## जिले के कई लोग हुए एपीके फाइल के शिकार

### पुलिस और साइबर सेल की अपील

साइबर विशेषज्ञों और पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान या संदिग्ध एपीके फाइल को डाउनलोड न करें। परिवहन विभाग या किसी सरकारी संस्था की जानकारी के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट या ऐप का ही उपयोग करें। व्हाट्सएप या सोशल मीडिया पर आए ऐसे मैसेज की तुरंत साइबर सेल में शिकायत करें। मोबाइल में अनजान स्रोतों से ऐप इंस्टॉल करने का विकल्प बंद रखें।

### फिलहाल आर्थिक नुकसान नहीं, लेकिन खतरा बरकरार

हालांकि अब तक इस एपीके फाइल के जरिए सीधे आर्थिक नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन साइबर विशेषज्ञों का मानना है कि यह किसी बड़े साइबर फ्रॉड की तैयारी भी हो सकती है। व्हाट्सएप हैक होने के बाद ठग बैंकिंग जानकारी, ओटीपी या अन्य संवेदनशील डाटा तक पहुंच बना सकते हैं। पीड़ितों का कहना है कि मैसेज परिचित व्यक्ति के नंबर से आने के कारण उन्हें किसी तरह का संदेह नहीं हुआ। यही साइबर ठगों की सबसे बड़ी चाल है-विश्वास का फायदा उठाना। एपीके फाइल इंस्टॉल होते ही मोबाइल का नियंत्रण ठगों के हाथ में चला जाता है।

### सतर्कता ही बचाव

बेमेतरा जिले में सामने आए ये मामले इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि साइबर ठगी अब सिर्फ कॉल या लिंक तक सीमित नहीं रही, बल्कि एपीके फाइल के जरिए सीधे मोबाइल पर हमला किया जा रहा है। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही भारी नुकसान का कारण बन सकती है। साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता और सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है।

कार्रवाई

# 10 हजार बोरे फर्जी धान का खेल चार समिति कर्मचारी निलंबित

### अमानक धान खरीदी मामलाः बड़े घोटाले की आशंका गहराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में उजागर हुई गंभीर अनियमितता के बाद मामला अब निलंबन की कार्रवाई से आगे बढ़कर बड़े घोटाले की दिशा में जाता दिखाई दे रहा है। विकासखंड साजा अंतर्गत गाडाडीह एवं बोरतरा उपार्जन केंद्रों में पकड़े गए 10 हजार बोरे अमानक धान को लेकर कई अहम सवाल खड़े हो गए हैं, जिनके जवाब अब तक प्रशासनिक जांच में सामने नहीं आ पाए हैं।

■ समर्थन मूल्य नीति से खिलवाड़, शासन को भारी आर्थिक क्षति

संयुक्त जांच दल की रिपोर्ट में समर्थन मूल्य नीति के उल्लंघन की पुष्टि हो चुकी है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह अमानक धान आखिर किसका था। क्या यह वास्तव में किसानों का धान था या फिर व्यापारियों ने किसानों के नाम का दुरुपयोग कर सरकारी खरीदी व्यवस्था में सेंध लगाई। इतने बड़े पैमाने पर अमानक धान की खरीदी को लेकर यह सवाल भी उठने लगे हैं कि क्या इस पूरे खेल को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि बिना प्रभावशाली संरक्षण के इतनी बड़ी मात्रा में अमानक धान की खरीदी संभव नहीं। ऐसे में कार्रवाई सिर्फ कर्मचारियों तक सीमित रहने पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि पंजीकृत किसानों के नाम पर अमानक धान की खरीदी की गई। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या किसानों को इसकी जानकारी थी या फिर समिति स्तर पर सुनियोजित तरीके से फर्जीवाड़ा किया गया। यदि किसान अनभिज्ञ थे तो यह मामला सीधे तौर पर धोखाधड़ी और कूटरचना की श्रेणी में आता है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था में बड़े घोटाले पर विकासखंड साजा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति गाडाडीह एवं बोरतरा उपार्जन केंद्रों में 10 हजार बोरे अमानक धान की खरीदी पकड़े जाने के बाद प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए चार समिति कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह गंभीर मामला जिला प्रशासन की संयुक्त जांच टीम द्वारा की गई छापेमार कार्रवाई में सामने आया था। जिसमें साफ तौर पर समर्थन मूल्य नीति के उल्लंघन की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट के अनुसार, पंजीकृत किसानों के नाम का दुरुपयोग कर अमानक धान खरीदा गया, जिससे शासन को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। निलंबित किए गए कर्मचारी में भुनेश्वर वर्मा प्रभारी समिति प्रबंधक, गेंदलाल वर्मा फड़ प्रभारी, टिकेश्वर निषाद प्रभारी समिति प्रबंधक, किशन जंघेल फड़ प्रभारी है जिन्हें उपआयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक, बेमेतरा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। निलंबन में संबंधित कर्मचारियों को नियमानुसार निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।



### एफआईआर और वसूली पर टिकी निगाहें

अब तक चार समिति कर्मचारियों के निलंबन की कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन एफआईआर दर्ज करने और शासन को हुई आर्थिक क्षति की वसूली को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। आमजन और किसान संगठनों की नजर इस बात पर टिकी है कि प्रशासन कब और किस स्तर तक कड़ी कार्रवाई करता है। फिलहाल यह मामला सिर्फ एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि धान खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता की बड़ी परीक्षा बन चुका है।

### कलेक्टर ने बीजाभाठ, सरदा व लेंजवारा के धान खरीदी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**बेमेतरा।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने ग्राम बीजाभाठ, सरदा एवं लेंजवारा स्थित धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी प्रक्रिया के हर चरण—धान की गुणवत्ता, बारदाना उपलब्धता, तुलाई, भंडारण, उठाव तथा किसानों को दी जा रही सुविधाओं की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों में पहुंचकर किसानों द्वारा लाए गए धान का निरीक्षण किया तथा स्वयं मॉइस्चर मशीन से धान का मॉइस्चर स्तर जांचा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही की जाए, ताकि किसानों को बाद में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बारदाना की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि किसी भी खरीदी केंद्र में बारदाना की कमी स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि बारदाना की प्रतिदिन समीक्षा की जाए और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे तुलाई प्रक्रिया प्रभावित न हो। ▶▶| शेष पेज 11 पर

# 133 बंदियों की हुई जांच, टीबी-एचआईवी सहित अन्य रोगों पर दी गई जागरूकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित टीबी मुक्त पंचायत जागरूकता, पहचान एवं उपचार अभियान के अंतर्गत गुरुवार 8 जनवरी जिला जेल में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जेल में निरुद्ध 133 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें टीबी, एचआईवी/एड्स, सिफलिस, हेपेटाइटिस-बी एवं हेपेटाइटिस-सी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर के दौरान बंदियों को टीबी के लक्षण, कारण, बचाव एवं उपचार के बारे में जागरूक किया गया।

■ टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत जिला जेल में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

जिला समन्वयक दिनेश जायसवाल ने बताया कि यदि किसी को लगातार खांसी, बलगम में खून, वजन कम होना जैसे लक्षण हों तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए। उन्होंने टीबी के निःशुल्क इलाज एवं निश्चय पोषण योजना की भी जानकारी दी। लक्षणों के आधार पर टीबी स्क्रीनिंग जिला समन्वयक द्वारा की गई, वहीं आईसीटीसी लैब टेक्नोलॉजिस्ट संजय कुमार तिवारी द्वारा एचआईवी/एड्स, सिफलिस, हेपेटाइटिस-बी एवं सी की रक्त जांच की गई। "टीबी मुक्त पंचायत – एड्स का ज्ञान बचाए जान" नारे के साथ बंदियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

### ये रहे उपस्थित

शिविर में जिला जेल अधीक्षक राहुल पाण्डेय, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के जिला समन्वयक दिनेश जायसवाल, सीनियर ट्रीटमेंट लैब सुपरवाइजर अरुण राजपूत, एमएलटी पुष्कर अवस्थी, आईसीटीसी परामर्शदाता पुराणिक नायक, आईसीटीसी लैब टेक्नोलॉजिस्ट संजय तिवारी, जिला जेल फार्मासिस्ट दीक्षा अंगारे, हेड कांस्टेबल मनीराम पैकरा, प्रहरी राधे नेताम सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

# फिर हटा फ्लैक्स, कबीर पंथ के अनुयायी हुए आहत, एफआईआर दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगर में नवनिर्मित अटल परिसर के पास लगे होर्डिंग में पूज्यनीय संत उदित मुनि नाम साहेब जी के चादरतिलक के फ्लैक्स लगा हुआ था। इसमें लगे फ्लैक्स को अज्ञात लोगों निकालकर ले गए। जिसकी जानकारी पूज्य संत के अनुयायियों को मिली। वाट्सऐप पर सूचना तेजी से फैली गई। जिसकी सभी की प्रतिक्रिया आने लगी। सभी इस मामले को लेकर परपोड़ी थाना पहुंचे। सभी ने घटना की प्रथम सूचना थाने में पंजीबद्ध कराई।

■ अटल परिसर के पास लगे फ्लैक्स को अज्ञात लोगों ने निकाला, 23 को होने वाला था आयोजन

कबीरपंथियो के अनुसार फ्लैक्स में 23 जनवरी, बसंत पंचमी तिथि को राजतिलक होना है। इसकी जानकारी अटल परिसर के पास लगे होर्डिंग में लगे फ्लेक्स में दिया गया था जिसे अज्ञात लोग को निकालकर ले गए है। कबीर पंथ के प्रमुख महेश्वर मानिकपुरी एवं कबीर पंथ के अनुयाई द्वारा इसकी सूचना, जांच एवं उचित कार्यवाही हेतु परपोड़ी थाना में जानकारी दी गई है। जिसके बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की लिए एफआईआर दर्ज कराया गया।

### काफी संख्या में पहुंचे आहत कबीरपंथी

कबीरपंथी काफी आहत है क्षेत्र ने कबीर पंथ के प्रमुख महेश्वर मानिकपुरी ने मीडियाकर्मियों के बताया कि हमारे कबीर पंथ के पूज्य संत द्वारा दामाखेड़ा 23 जनवरी बसंत पंचमी को उदित मुनि नाम साहब के चादर तिलक है। इसी के परिपेक्ष्य में पूरे क्षेत्र में जगह जगह पोस्टर और फ्लैक्स लगाया गया है। किसी असामाजिक तत्व के द्वारा कल अटल परिसर के पास लगे फ्लैक्स को निकाल दिया गया है। उसके अंदर में लगा फ्लैक्स यथावत है। इसी बात को लेकर कबीरपंथी थाने आए हुए है। थानेदार साहब से बात हुई है। इस मामले को ▶▶| शेष पेज 11 पर

### विधि अनुसार की जाएगी कार्रवाई

अब तक मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात लोगों के द्वारा फ्लैक्स हटाया गया है। कबीरपंथियों ने एफआईआर दर्ज कराने थाने आए थे। एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

- अलील चंद, थाना प्रभारी, थाना परपोड़ी, जिला बेमेतरा

# जिले में 10 नए प्रदूषण जांच केन्द्र खोलने को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में कुल 10 प्रदूषण जांच केन्द्र (पोल्लुशन अंडर कंट्रोल) खोलने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय जिले में बढ़ती वाहनों की संख्या और प्रदूषण नियंत्रण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

वर्तमान में जिला बेमेतरा में वाहनों के प्रदूषण जांच हेतु केवल एक ही प्रदूषण जांच केन्द्र संचालित है, जिससे आम नागरिकों को प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र बनवाने में असुविधा का सामना करना पड़ता है। मोटरयान अधिनियम, 1988 के अंतर्गत सभी संचालित वाहनों के लिए वैध प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र अनिवार्य है, ऐसे में अतिरिक्त केन्द्रों की स्थापना से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवागढ़, बेरला, साजा, नांदघाट, देवकर, थानखम्हरिया, भिंभौरी, दाढ़ी सहित अन्य क्षेत्रांतर्गत नए प्रदूषण जांच केन्द्र खोले जाने प्रस्तावित हैं। इन क्षेत्रों में प्रदूषण जांच केन्द्र खुलने से वाहन मालिकों ▶▶| शेष पेज 11 पर

# प्रज्ञा ने सीएम की धर्मपत्नी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय से मुलाकात कर उन्हें अंतराष्ट्रीय महिला दिवस में बेमेतरा आने का अग्रिम न्योता दिया, कौशल्या साय प्रदेश के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में अपनी सशक्त उपस्थिति के लिए जानी जाती हैं, उनसे भेंट के पश्चात प्रज्ञा निर्वाणी ने घोषणा की है कि जिला और मंडल की कार्यकारिणी में दिव्यांग महिलाओं को भी स्थान दिया जाएगा।

इस दौरान जिला भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा "हम ऐसा संगठन बनाएँगे जो भीड़ का हिस्सा नहीं, बल्कि मार्गदर्शक संगठन हो। हमारा महिला मोर्चा 'अनुगामी' नहीं, बल्कि अनुशासित, निर्णायक, अग्रणी और नेतृत्वकारी संगठन के रूप में खड़ा होगा।" प्रज्ञा निर्वाणी ने भाजपा महिला मोर्चा की कार्यशैली को स्पष्ट करते हुए कहा महिला मोर्चा भाजपा के विचारों से चलेगा, व्यक्तियों से नहीं, साथ ही साथ निर्णय सामूहिक होंगे, श्रेय संगठन का होगा हर कार्यकर्ता कर्तव्यबोध और अनुशासन के साथ काम करेगी।



## शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार व शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के निर्देश

# कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं शासकीय हाईस्कूल–हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की शैक्षणिक स्थिति, परीक्षा परिणाम, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की नियमितता तथा आगामी परीक्षाओं की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, वहां आसपास के विद्यालयों से शिक्षकों की व्यवस्था कर नियमित रूप से अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएं, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को नियमित रूप से विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कक्षाओं के संचालन शिक्षण स्तर एवं शिक्षकों की उपस्थिति की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए। वहीं, प्राचार्यों को विद्यालय स्तर पर सतत मॉनिटरिंग करते हुए सभी शिक्षकों की समयबद्ध एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने जिले का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। इसके लिए विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान, अतिरिक्त कक्षाएं एवं समय-समय पर मूल्यांकन पर जोर दिया गया।

**कलेक्टर ने नियमित पीटीएम आयोजन पर दिया जोरः** उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पेपर जांच के लिए एक समान फॉर्मेट तैयार किया जाए तथा एक विद्यालय की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन दूसरे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया जाए, जिससे निष्पक्षता एवं गुणवत्ता बनी रहे। कलेक्टर ने पालक–शिक्षक बैठक (पीटीएम) नियमित रूप से आयोजित करने पर भी जोर देते हुए कहा कि पालकों की सहभागिता से बच्चों की उपस्थिति एवं शैक्षणिक प्रगति ▶▶| शेष पेज 11 पर




### कलेक्टर ने की आपसी समन्वय व जिम्मेदारी के साथ काम करने की अपील

अंत में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने सभी अधिकारियों एवं प्राचार्यों से आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि सशक्त शिक्षा व्यवस्था से ही जिले का भविष्य मजबूत बनेगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पदमाकर, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जिले के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### ओम सत्यम शिक्षण व जनविकास समिति ने डॉ. सिंह को किया सम्मानित

दुर्ग। छत्तीसगढ़ विधानसभा सभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति ने सम्मानित किया। शंकर नगर रायपुर स्थित निवास स्थान में प्रदेश प्रशिक्षण विभाग प्रभारी भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा नीलकंठ गढ़े, समिति अध्यक्ष सीताराम ठाकुर, सचिव दिलीप ठाकुर तिवारी ने राज्य के रजत जयंती वर्ष पर उद्घाटित नव निर्मित विधानसभा के निर्माण एवं संरचना में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. सिंह ने इस सम्मान के लिए समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### मनरेगा से जिले में 49,126 ग्रामीण मजदूरों को मिल रहा रोजगार

दुर्ग। जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत व्यापक स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में जिले की 300 ग्राम पंचायतों में से 294 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के विभिन्न प्रकार के कार्य संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे 49,126 ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मिल रहा है। इन कार्यों के लिए कुल 1,642 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। धमधा में मनरेगा के तहत सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां 25,298 मजदूरों को रोजगार मिला है तथा 586 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। धमधा क्षेत्र की 119 ग्राम पंचायतों में से 115 ग्राम पंचायतों में वर्तमान में कार्य चल रहे हैं।
पाटन के 108 ग्राम पंचायतों में 14,997 मजदूरों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है। 564 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। वहीं दुर्ग के 71 ग्राम पंचायतों में 8,831 मजदूरों को रोजगार मिला है, जिसके लिए 709 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि मजदूरों की मांग के आधार पर गत वर्ष की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जन-जागरूकता अभियान चलाकर मजदूरों को निरंतर रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

# जर्मनी की हाईटेक मशीनों से होगी स्मार्ट मीटर की जांच

**प्रबंधक निदेशक भीमशंकर ने किया केंद्रीय परीक्षण में दो नई स्मार्ट मीटर बेंचों का उद्घाटन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अब स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों का समाधान और उनकी सटीकता की जांच भिलाई में ही हो सकेगी।

ज्ञात हो कि पूरे प्रदेश में पहले केवल एक ही मीटर परीक्षण प्रयोगशाला भिलाई में स्थापित थी, जहां उपलब्ध एक ही बेंच पर पूरे प्रदेश के सभी प्रकार के मीटरों का परीक्षण किया जाता था। पूरे प्रदेश की मीटरों की जांच करने में समय लगता था, इसलिए राज्य सरकार ने पॉवर कंपनी के प्रस्ताव पर 6 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से प्रदेश के रायपुर एवं बिलासपुर में नई मीटर टेस्टिंग लैब एवं भिलाई में पूर्व से स्थापित लैब की क्षमता वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने भिलाई-तीन स्थित केंद्रीय परीक्षण प्रयोगशाला मीटर टेस्टिंग लैब में 6 जनवरी 2025 को लगभग 2 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से स्थापित दो नई स्मार्ट मीटर बेंचों का उद्घाटन किया। प्रयोगशाला में पूर्व से ही स्थापित बेंच पर एक साथ 20 मीटरों की जांच की जा सकती है। अब प्रयोगशाला में कुल तीन बेंच हो गए हैं। जिससे प्रयोगशाला की क्षमता बढ़ गई है, अब एक साथ 60 मीटरों की जांच की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि यह छत्तीसगढ़ की पहली प्रयोगशाला है जिसे राष्ट्रीय परीक्षण और शोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड एनएबीएल से मान्यता प्राप्त है। यहाँ मीटर टेस्टिंग के अलावा केबल कंडक्टर एवं सीटीपीटी की जांच भी की जाती है। वर्तमान में यहाँ पावर और डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर परीक्षण प्रयोगशाला का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### सिंगल व थ्री फेस मीटर की होगी जांच

प्रयोगशाला में स्थापित नई स्मार्ट मीटर बेंच मशीनें जर्मनी की अत्याधुनिक जेरा कंपनी की हैं। प्रयोगशाला में एक थ्री फेस और एक सिंगल फेस बेंच लगाई गई है, जिससे सभी प्रकार के स्मार्ट मीटरों की जांच संभव होगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर, शिरीष शैलेट, मुख्य अभियंता एम जामुलकर, चंद्रकला गिडवानी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता रश्मि वर्मा सहित अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा, जे जगन्नाथ प्रसाद, मनोज वर्मा, पीएल सिदार, आरके चन्द्राकर और कार्यपालन अभियंता अविनाश चौहान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



### पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने उठाया कदम

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि वर्तमान में स्मार्ट मीटरों की अनिवार्यता को देखते हुए उपभोक्ताओं में पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। यदि किसी उपभोक्ता को अपने स्मार्ट मीटर की रीडिंग या कार्यप्रणाली पर संदेह है तो वे निर्धारित शुल्क जमा कर प्रयोगशाला में अपने मीटर की जांच करवा सकते हैं।

**वार्ड-4 : वार्डवासी हो रहे परेशान, नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान**

# नेहरू नगर में सीवरेज सिस्टम फेल बह रहा गंदा पानी, मरम्मत का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वार्ड परिक्रमा

नेहरूनगर वार्ड 4 में सिवरेज सिस्टम की खराब स्थिति लोगों के लिए रोज की परेशानी बन गई है। यहां कई साल पहले बनाए गए सिवरेज लाइन का मेंटेनेंस समय पर नहीं हुआ, नतीजा यह है कि सिवरेज ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। मोहल्ले के लोग मजबूरी में इसी गंदे पानी से होकर आवाजाही कर रहे हैं।

नगर निगम के जोन-1 अंतर्गत नेहरू नगर वार्ड 4 में रहने वाले परिवारों का कहना है कि बरसात न हो तब भी सड़कें पानी और गंदगी से भरी रहती हैं। बदबू के कारण घरों में खिड़कियां तक बंद रखनी पड़ती हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए हालत और मुश्किल है। कई जगह फिसलन रहती है और बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। वार्ड के कुछ प्रमुख रास्ते भी जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। जगह-जगह सड़क उखड़ी हुई है। वहीं कई नालियां टूटी पड़ी हैं, जिनकी मरम्मत अब तक नहीं कराई गई। स्थानीय लोगों का कहना है बार-बार शिकायत के बाद भी स्थायी समाधान नहीं निकला। वार्डवासियों ने नगर निगम से सिवरेज लाइन की साफ-सफाई, नियमित मेंटेनेंस और टूटी नालियों की मरम्मत की मांग की है।

**गंदे पानी की वजह से बढ़ रहा संक्रामक बीमारियों का खतरा**







### गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर लोग

सड़क 12 के निवासी अभिजित गोस्वामी ने बताया कि सिवरेज सिस्टम



लंबे समय से परेशानी बना हुआ है। मेंटेनेंस की कमी के कारण सिवरेज लाइन फुल हो जाती है और उसका गंदा पानी सीधे सड़क पर बहने लगता है। इस वजह से लोगों को रोज इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। अभिजित के अनुसार उन्होंने इसकी शिकायत नगर निगम में भी की, लेकिन जिम्मेदार अफसर इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रहे।

### ना निगम जागा, ना एसोसिएशन

समाजसेवी वीएन पांडेय ने बताया कि नेहरू नगर में



सिवरेज ओवरफ्लो, गंदगी और खराब सफाई व्यवस्था को लेकर वार्डवासी नाराज हैं। लोगों का कहना है कि कई साल पुरानी सिवरेज लाइन मेंटेनेंस के अभाव में जाम हो गई है। उन्होंने कहा कि नेहरू नगर से नगर निगम को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है, इसके बावजूद इस वार्ड की हालत दयनीय है। कई जगह सिवरेज जाम है, सफाई व्यवस्था कमजोर है और कई मूलभूत समस्याएं वर्षों से अटकी हुई हैं। वीएन पांडेय के अनुसार न केवल नगर निगम, बल्कि, जनप्रतिनिधि, नेहरू नगर रेसिडेंस एसोसिएशन और नेहरू नगर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स एसोसिएशन के पदाधिकारी भी इस दिशा में सक्रिय नहीं दिखाई दे रहे। जबकि वार्ड का बड़ा हिस्सा व्यापारिक और घनी आबादी वाला क्षेत्र है।

### बरसात के दिनों में हालत और बदतर

वार्ड निवासी संदीप गुप्ता ने बताया कि



सिवरेज का पानी लगातार सड़क पर बहता है, बदबू फैलती है और लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। गंदे पानी के कारण बच्चों और बुजुर्गों के लिए सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है। कई जगह फिसलन बनी रहती है और बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। मोहल्ले के लोग चाहते हैं कि सिवरेज लाइन की सफाई के साथ नियमित मेंटेनेंस की व्यवस्था हो। बरसात के दिनों में हालत और बदतर हो जाती है।

# दुर्ग में हाथठेला खरीदी में गड़बड़ी, शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग में सफाई कार्य में उपयोग आने वाले हाथ ठेला खरीदी में गड़बड़ी सामने आई है। इसे लेकर बुधवार को कांग्रेसी पार्षद दल ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात की। उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। शिकायत करने वालों में पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, राजेश यादव , दीपक साहू, भोला महोबिया, विजेंद्र भारद्वाज, ज्ञानदास बंजारे, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, सुशील भारद्वाज शामिल थे।

■ जेम पोर्टल के माध्यम से ही अलग-अलग दरों से हुई खरीदी

शिकायत में कहा गया कि भिलाई और रिसाली में भी हाथ ठेला की खरीदी हुई है। भिलाई में 7859, रिसाली में 8 हजार की दर से जैम पोर्टल के माध्यम से खरीदी हुई। जैम पोर्टल के माध्यम से दुर्ग में भी खरीदी की गई, लेकिन यह दर 13011 रुपए है। इतना ही नहीं भिलाई और रिसाली निगम के हाथ ठेला से क्षमता भी दुर्ग से अधिक है। बाकलीवाल ने कहा कि यह सीधे तौर पर अनियमितता है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। दोषियों पर कार्रवाई की जाए। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा कि यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार है। इस मामले को लेकर महापौर और आयुक्त को जवाब देना चाहिए।

### माह की 7 तारीख को होगा आवास दिवस का आयोजन

दुर्ग। प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल महोत्सव एवं रोजगार दिवस के साथ-साथ आवास दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बासीन में आवास दिवस एवं रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीईओ बजरंग कुमार दुबे, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजरे, पवन शर्मा उपस्थित थे। ग्राम चौपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं सीईओ द्वारा क्यूआर कोड स्कैन कर ग्राम पंचायत से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली गई। आवास दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की जानकारी दी गई। योजनाओं से संबंधित विवरण क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराया गया।

# वार्ड 43 मुक्त नगर में महापौर ने नालों की सफाई में लापरवाही पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



महापौर अलका बाघमार ने लोककर्म विभाग प्रभारी देव नारायण चंद्रकार, पार्षद दीपक साहू, अजय वर्मा तथा उप अभियंता हरीशंकर साहू के साथ वार्ड क्रमांक 43 मुक्त नगर के नालों की साफ-सफाई का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने मुक्त नगर आंगनबाड़ी के पास स्थित नाले में बांस डालकर सिल्ट की गहराई परखी। जैसे ही सफाईकर्मी ने बांस डाला यह स्पष्ट हो गया कि नाले की सफाई ठीक से नहीं कराई गई थी। नाले में लगभग एक फुट तक सिल्ट भरी पाई गई। इस लापरवाही पर महापौर ने नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार कर्मचारियों को सचेत किया। पार्षद दीपक साहू ने क्षेत्र में नाला जलभराव समस्या को रखते हुए जेल रोड और केंद्रीय विद्यालय जेल रोड नाला सफाई कार्य का मुद्दा उठाया। इस पर महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मालवीय नगर नाले से जोड़कर पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था बनाई जाए, ताकि बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या न रहे। महापौर ने कहा कि शहरवासियों की सुविधा से जुड़े कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नालों की सफाई समय-सीमा में पूरी कराई जाए।

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए साप्ताहिक द्वितीय बैठक संपन्न



दुर्ग। निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अर्हता 1 जनवरी 2026 के संबंध में 6 जनवरी को जिले के समस्त विधानसभा 62 पाटन, 63 दुर्ग ग्रमीण, 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर, 67 अहिवारा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा आयोजित की गई।

जिले के समस्त विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ.ग. रायपुर के निर्देश के परिपालन में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में दावा आपत्तियों की सूची साझा किये जाने एवं विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी साझा किये जाने साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को कण्डिकावार जानकारी उपलब्ध कराई गयी।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने शिविर में 65 छात्राओं ने किया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नानकोत्तर महाविद्यालय मे छात्राओं के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने स्थानीय प्रशासन द्वारा महाविद्यालय के स्वीप समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि मतदान केवल संवैधानिक अधिकार ही नही अपितु प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। देश के प्रत्येक मतदाता को मतदान करना ही चाहिए, जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़-नाटक का मंचन किया। जिसके माध्यम से छात्राओं ने समस्त महाविद्यालयीन छात्राओं का आह्वान किया कि लोकतंत्र के मजबूत गठन के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाना एवं मतदान कितना महत्वपूर्ण है। इस आयोजन में लगभग 65 छात्राओं ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन (प्रारूप-6) जमा किया ।

इस अवसर पर वार्ड क्रंमाक-225 भाग क्रंमाक-225 के बीएलओ महावीर ध्रुव, डॉ. अमिता सहगल, स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुषमा यादव एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वीप समिति के संयोजक डॉ. विजय कुमार वासनिक ने व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया।

**एसआईआर के तहत दावा-आपत्ति के दौरान प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन**

# पात्र मतदाता का नाम न छूटे, गलत नाम न जुड़े : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि जिले में एसआईआर के अंतर्गत 23 दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही दावा आपत्ति का कार्य प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में मैपिंग नहीं होने पर 40 हजार लोगों को नोटिस जारी किया गया है। जिन लोगों का नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में नहीं आया है, उनसे फार्म 6 भरवाया जाना है। इस दौरान उन्हे आयोग द्वारा जारी 13 प्रकार के दस्तावेजों में से प्रमाण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। प्रस्तुत दस्तावेज सत्यापन हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को ई-मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे। सत्यापन पश्चात 5 दिवस के भीतर दस्तावेज संबंधित ईआरओ को वापस भेजना होगा।

■ कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ली समय सीमा की बैठक

कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी यह विशेष ध्यान देवें कि पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में छूटने न पाएं, वहीं अपात्र व्यक्ति का नाम जुड़ने न पाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लंबित समय सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग द्वारा संरक्षित वेट लैंड की जानकारी ली।





### स्वीकृत निर्माण कार्य समावधि में पूर्ण कराएं

निर्माण कार्य क्रियान्वयन एजेंसी विभागों से अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के स्वीकृत निर्माण कार्य समयावधि में शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में जल संचयन हेतु जल शक्ति अभियान की समीक्षा के दौरान कैच द रेन कार्यक्रम अंतर्गत विभागीय कार्यों को गूगल शीट में अपलोड कराने के निर्देश दिए। डीएमओ ने अवगत कराया कि धान खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्रों में नए एवं पुराने बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता है।

### आंगनाबाड़ी में बच्चों का बनेगा आधार कार्ड

जिले के अंतर्गत 2.25 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाले चिन्हित वेट लैंड को संबंधित एसडीएम से एनओसी मिलने के पश्चात ही शासन स्तर पर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को संबंधित क्षेत्र में कोटवारी जमीन की बिक्री संबंधी जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सिकलिंग की पहचान, वय वंदन एवं आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निजी स्कूलों में स्कूली बच्चों के आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया में प्रगति लाने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक पहल करने कहा। उन्होंने अवगत कराया कि आंगनबाड़ी के बच्चों का भी आधार कार्ड बनाया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कार्य योजना बनाकर ईडीएम से समन्वय के साथ बच्चों का आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

# 4 वार्डों में लगा स्वास्थ्य शिविर, 211 महिला व बुजुर्गों ने लिया लाभ

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना



के तहत 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। ये शिविर वार्ड 25 ईएमए चौक ओम परिसर, वार्ड 3 मठपारा सारथी नगर, वार्ड 16 सिकोला बस्ती तथा भवानी चौक में आयोजित हुए।

शिविरों में हितग्राहियों के लिए आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। जिनमें एचबी ए 1 सीए, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, ब्लड ग्रुप, होमोसिस्टीन, थायराइड, लिवर, किडनी फंक्शन, यूरिक एसिड, विटामिन बी 12 और क्रिएटिनिन जैसी जाँचें शामिल रहीं। शिविर का 211 मरीजों ने लाभ लिया। 96 जाँचें की गईं। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना शहरी गरीबों के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रही है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और लैब तकनीशियन की तैनाती रहती है, जिससे वहीं पर जाँच, परामर्श और निःशुल्क दवाइयों का वितरण संभव हो पाता है। इससे लोगों को निजी क्लीनिकों के खर्च और दूर-दराज अस्पताल जाने की परेशानी से राहत मिली है। योजना के माध्यम से विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और श्रमिक वर्ग को लाभ मिल रहा है। ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया जैसी समस्याओं की नियमित जांच और उपचार से स्वास्थ्य जागरूकता भी बढ़ रही है।

# शास्त्री नगर में 40 परिवारों को नोटिस के बाद कार्रवाई की तैयारी, सर्विस लेन भी बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन 2 वैशाली नगर अंतर्गत निर्माणाधीन सर्विस रोड, उद्यान, वाटर एटीएम, अवैध कब्जा, जर्जर स्कूल एवं भवन सहित मुक्तिधाम तालाब का सघन निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा वार्ड पार्षद लक्ष्मी साहू के उपस्थिति में किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा साक्षरता चौंक से पावर हाउस तक निर्माणाधीन नाली एवं प्रस्तावित सर्विस रोड का अवलोकन किया गया। शास्त्री नगर में नाला के किनारे 40 परिवारों द्वारा अतिक्रमण कर निवास किया जा रहा है। जिन्हे पूर्व में स्वयं से अतिक्रमण हटाने नोटिस भी दिया गया है। स्वयं से अतिक्रमण नहीं हटाने पर निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

पूर्व से बने सड़क जर्जर हो जाने के कारण नागरिको को असुविधा हो रही थी और दुर्घटना की संभावना बनी थी। जिसे देखते हुए नवीन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क के बनने से आम नागरिको को सुविधा मिलेगी। तीनदर्शन मंदिर के पास निर्मित उद्यान का निरीक्षण करते हुए उद्यान के भीतर पाथवे, खेल सामग्री एवं अन्य आवश्यक संधारण कराने जोन के अधिकारियों को निर्देशित किये है। उद्यान के संधारण हो जाने से वरिष्ठजनों को समय बिताने के साथ बच्चों को मनोरंजन के साधन उपलब्ध होगें। 18 नंबर रोड नेहरू चौंक के पास नागरिको के पीने हेतु शुद्ध पेयजल के लिए वाटर एटीएम स्थापित किया गया है जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। वर्तमान में वाटर एटीएम चालू है, नागरिक शुद्ध पेयजल का लाभ उठा रहे है।

## आयुक्त ने किया सर्विस रोड, उद्यान, वाटर एटीम व स्कूल का निरीक्षण



### 40 लोगों के अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई

शास्त्री नगर में नाला के किनारे 40 परिवारों द्वारा अतिक्रमण कर निवास किया जा रहा है। निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की जावेगी। समीपस्थ बीएसपी स्कूल एवं कार्यक्रम के लिए हॉल पूर्व से निर्मित है, जो पुराने होने के साथ जर्जर हो गये है। जर्जर स्कूल एवं भवन को ध्वस्त कर पीएम आवास निर्माण के लिए बीएसपी से पत्राचार करने निर्देशित किये हैं। कर्मा भवन मार्ग वार्ड क्रं. 27 मोहल्ले में एक स्थानीय नागरिक द्वारा सड़क का पानी घर में न आये इसलिए सड़क बाधा कर घेरा कर दिया गया है, जिसे हटाने कहा गया है। समीपस्थ वार्ड वासियों द्वारा पानी का प्रेशर कम आता है इसलिए घरो के सामने गढढे कर रखे है। प्रेशर की जांच कराकर ठीक कराने कहा गया है।

### तालाब का पानी खाली कराने कहा

आयुक्त द्वारा रामनगर मुक्तिधाम तालाब का निरीक्षण किया गया। तालाब के पानी को खाली कर सौंदर्यीकरण किया जाना है, ततपश्चात नहर का साफ पानी भरा जायेगा। पानी को खाली कराकर मलवे को साफ कराने कहा गया है। साथ ही तालाब के बगल में जर्जर भवन है जो पूर्ण रूप से खण्डहर हो गया है। जर्जर भवन को छतिग्रस्त कर समतलीकरण कराने निर्देशित किये है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, उप अभियंता चंदन निर्मलकर, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, पार्षद प्रतिनिधि अरविंद राय, पूर्व पार्षद जोहन सिन्हा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जर्जर ट्रांसफार्मर से लोगों को जान का खतरा

**भिलाई।** वार्ड 40 छावनी बिजली नगर में तालाब के किनारे रोड से लगे हुए ट्रांसफार्मर जर्जर हालत में है। कभी भी लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इसे लेकर क्षेत्र की महिलाओं के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोगों ने बताया कि उक्त ट्रांसफार्मर की नींव पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। आंधी-तूफान के समय इसके गिरने की पूरी संभावना बनी हुई है, जिससे आम नागरिकों की जान-माल को गंभीर खतरा है। बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्या को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह के भीतर ट्रांसफार्मर हटाने का आश्वासन दिया गया है।

### परिवहन विभाग की मनमानी रोकें



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रांतीयअध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्रमुख संगठन छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, दुर्ग ट्रक मालिक संघ, राजनांदगांव ट्रक मालिक संघ, राजहरा परिवहन संघ, बस्तर कोरापुट परिवहन संघ,भानु प्रतापपुर परिवहन संघ, छत्तीसगढ़ सीमेंट वेलफेयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ बलकर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने लंबित मांगों को लेकर जनदर्शन में कलेक्टर दुर्ग से मुलाकात की। परिवहन विभाग में हो रहे मनमानी को लेकर अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपकर जल्द निराकरण की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल में छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह सैनी, महासचिव हरेंद्र यादव कार्यकारिणी सदस्य इंद्रजीत सिंह सैनी,हरनेक सिंह सैनी ,रामदास शर्मा कानूनी सलाहकार सुखवंत सिंह, दुर्ग ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष राजा भैया , सोडी जी मनोज कुमार राय के साथ भारीसख्या मे लोग उपस्थित थे।

### सिंटर प्लांट्स 2 व 3 ने रचा उत्पादन का कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट्स 2 और सिंटर प्लांट्स 3 ने 28,250 टन दैनिक सिंटर उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पूर्व का सर्वोत्तम रिकॉर्ड 28,212 टन का दर्ज किया गया था। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार व मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभागीय कर्मियों का हौसला बढ़ाया। विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक प्रभारी (सिंटर प्लांट्स–2) श्री जगेंद्र कुमार तथा महाप्रबंधक प्रभारी (सिंटर प्लांट्स–3) श्री राहुल बिजुरकर के नेतृत्व में हासिल की गई। इसमें महाप्रबंधक बेडेकर व एमएम अनीस सहित टीम का योगदान रहा।

## सेवानिवृत्त बीएसपी कार्मिक संघ ने की जल्द निदान की मांग

# सैकड़ों रिटेंशनधारियों को बंधी उम्मीद सांसद विजय ने कहा नहीं होने देंगे बेघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आवासीय समस्या से जूझ रहे अपने पसीने से भिलाई इस्पात संयंत्र को सेल का सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र बनाने वाले टाउनशिप के सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारियों फिर एक बार उम्मीद बंधी है। उन्हें दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने प्रबंधन से चर्चा होने और जल्द समस्या के निदान होने का भरोसा दिलाया है। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने सांसद के साथ मिलकर प्रयास होने की उम्मीद बंधाई है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटेंशनधारियों के आवासों का करीबन चौबीस गुना किराया बढ़ा दिया है। इस कारण बीएसपी आवासों में रिटेंशन पर निवास करने वाले सैकड़ों आवासधारियों को सड़क पर आने की नौबत आ गई है। रिटायर कर्मियों व परिवारों में चिंता व असंतोष बढ़ रहा है। सेवानिवृत्त बीएसपी कार्मिक संघ के बैनर तले रिटेंशनधारियों ने अध्यक्ष सुरेशचंद के साथ बुधवार को दुर्ग के सांसद विजय बघेल और पूर्व छग के पूर्व स्पीकर प्रेमप्रकाश पांडेय से निवास पर मिलकर किराया राशि बढ़ने से परेशानी बताते हुए बीएसपी प्रबंधन व दिल्ली स्तर पर इस्पात मंत्री व पीएम से बातकर जल्द राहत दिलाने की गुहार की। रिटेंशनधारियों ने दोनों जन प्रतिनिधियों को बताया कि रिटेंशनधारियों के मकान का 71 हजार,18 हजार बिल आ रहा है। इतनी बड़ी राशि कहां से और कैसे पटाएंगे। उन्होंने गुहार की कि जल्द प्रबंधन से चर्चा कर समस्या का निराकरण कराएं। संघ के पी मोहन राव ने बताया कि श्री बघेल ने आश्वस्त किया कि समस्या को लेकर बीएसपी प्रबंधन से बात हुई है,धीरज रखें जल्द निदान होगा। स्वस्थ होते ही प्रयास तेज करेंगे। वहीं श्री पांडेय ने भी भरोसा दिलाया कि रिटेंशन मामले में आपके व सांसद के साथ खड़े है, प्रयास जारी है।

### पूर्व केबिनेट मंत्री पांडेय ने भी बंधाई उम्मीद



### स्थाई निदान तक संघर्ष जारी

रिटेंशन समस्या को लेकर चौदह सौ रिटेंशधारियों ने समस्या के जल्द निदान के लिए दोतरफा दबाव बढ़ाना तेज कर दिया है। वे एक ओर सांसद से मिलकर प्रबंधन और सरकार पर समस्या के निदान के लिए दबाव बना रहे हैं वहीं दूसरी ओर विपक्ष के जरिए भी प्रयास कर रहे हैं। इस मामले को लेकर 3, 4,5 व 6 दिसंबर को भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव ने यूनियनों व विभिन्न संगठनों के समर्थन से आमरण अनशन किया था। प्रबंधन से हुई चर्चा में सेक्टर नौ हास्पिटल, मैत्रीबाग व बीएसपी स्कूलों के निजीकरण नहीं करने की मांग पर तो सहमति बनी लेकिन रिटेंशन पर हल नहीं निकलने पर संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया गया था। रिटंशनधारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र परगनिहा ने बताया कि रिटेंशन मामले में स्थाई समाधान तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। लड़ाई तेज होगी। राज्य सरकार की जमीन पर बने बीएसपी आवासों से रिटेंशनधारी आवासधारियों को हटाने नही देंगे।

## शिव महापुराण देती है दूसरों के सुख के लिए त्याग की प्रेरणाः ओमप्रकाश ठाकुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार एवं सर्वसमाज मेढकी द्वारा श्रद्धा संवर्धन, आत्म शांति एवं आत्म कल्याण हेतु चार दिवसीय पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ और शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया गया। प्रथम दिवस महिलाओं ने कलश धारण कर गांव की विभिन्न गलियों से गंगाजल लाते हुए भव्य कलश यात्रा निकाली। यज्ञ स्थल पहुंचकर कथा वाचक ने कलश धारण का महत्व एवं यज्ञ की गरिमा समझाई। आरती के साथ प्रथम दिवस का समापन हुआ। द्वितीय दिवस वैदिक मंत्रोच्चारण एवं देव आह्वान के साथ यज्ञ शुरुआत हुई। कथा वाचक पंडित ओमप्रकाश ठाकुर ने शिव महापुराण के प्रसंगों से बताया कि शिव परिवार संपूर्ण मानव समाज के लिए आदर्श है। उन्होंने कहा कि जो दूसरों के सुख के लिए त्याग करता है वही शिव स्वरूप है। साथ ही उन्होंने शराब, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, गांजा आदि नशीले पदार्थों से दूर रहने व सादा जीवन–उच्च विचार अपनाने का संदेश दिया।

■ मेढकी में हुई चार दिवसीय पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा

**तृतीय दिवस — संस्कारों की श्रृंखला, 108 दीपों से ग्राम विकास दीप महायज्ञः** यज्ञ के तीसरे दिन 22 विद्या-आरंभ, 3 मुंडन एवं 2 अन्नप्राशन संस्कार निःशुल्क संपन्न हुए। शाम को 108 दीपों से ग्राम विकास दीप महायज्ञ आयोजित किया गया तथा गांव के 24 दिवंगत नागरिकों की आत्म शांति हेतु विशेष प्रार्थना की गई।

समापन दिवस—पूर्णाहुति एवं 21 लोगों ने लिया दीक्षा संस्कार

चतुर्थ एवं अंतिम दिवस यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ देव शक्तियों का विदाई-सम्मान किया गया। इस अवसर पर 21 लोगों ने दीक्षा संस्कार ग्रहण कर नशामुक्त एवं सद्गुणों से युक्त जीवन का संकल्प लिया। पूरे गांव के लिए भोजन–प्रसाद की व्यवस्था की गई और चारों दिन गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

### इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

विष्णु साहू, सुरेंद्र साहू, रोहित साहू, हेमकुमार साहू, शंकर साहू, सरपंच उत्तर ध्रुव कुमार साहू, उपसरपंच दिलहरन साहू, सचिव खुमान साहू, ईश्वरी जोशी, खोम राम, परगनिहा साहू, राजू साहू, भागवत साहू, विशहत वर्मा, फेरू निषाद, लखन वर्मा, जयप्रकाश साहू, मोहित राम साहू, आकाश साहू, रोहित सोनवानी, राजकुमार यादव, डेविस साहू, हरि साहू, दिनेश वर्मा, दुर्गा साहू, केहरी साहू, संतराम गायकवाड, गणेश पुरे, मनोज साहू, कलाराम साहू, सुकरीया, कुलेश्वरी, खुशबू और मोहिनी साहू सहित अनेक ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।

## बीएसपी में एस्क्रो अकाउंड प्रणाली, श्रमिकों को जल्द समय पर व सही वेतन मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिकों के आर्थिक अधिकारों की रक्षा और हितों के लिए सीडीएस व्यवस्था लागू किया गया है। हर विभाग में फेशियल रिकग्निशन आधारित बायोमेट्रिक मशीनें स्थापित की गई हैं। नियमित कर्मचारियों की तरह ठेका श्रमिक स्वयं अपनी हाजरी दर्ज करता है। इससे मैन्युअल हस्तक्षेप की गुंजाइश समाप्त हो जाती है। यही उपस्थिति डेटा सरकार द्वारा निर्धारित उपस्थिति रजिस्टर का आधार है।

■ ठेका मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रबंधन की पहल

श्रमिकों के लिए फॉर्म बी यानी सरकार के वेतन रजिस्टर है, उसमें न्यूनतम वेतन, भत्ते और भुगतान का पूरा विवरण दर्ज किया जाता है। बीएसपी प्रबंधन के मुताबिक किसी भी श्रमिक को तय मानकों से कम वेतन न मिले और पारदर्शिता बनी रह ठेकेदार का कोई भी बिल तब तक क्लियर नहीं किया जाता, जब तक यह सत्यापित न हो जाए कि श्रमिकों को पूरा वेतन भुगतान किया गया है और उनका भविष्य निधि व ईएसआईसी का योगदान ठेकेदार द्वारा जमा किया गया है।

### वेतन भुगतान व्यवस्था होगी मजबूत

श्रमिकों के लिए वेतन भुगतान व्यवस्था को और अधिक मजबूत के लिए एस्क्रो अकाउंट प्रणाली प्रक्रियाधीन है। इससे ठेका श्रमिकों को सही समय पर सही वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा । श्रमिक की मृत्यु होने पर उसके परिवार के एक पात्र सदस्य को बीएसपी में नियमित नौकरी देने की नीति है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक ठेका श्रमिक को 10 लाख का कंपलसरी जीपीएआईएस दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया गया है। श्रमिकों के मेधावी बच्चों को 5,000 रुपए से 10,000 तक की छात्रवृत्ति दी जाती है।

# आयुक्त पांडेय ने किया वार्ड 33 संतोषीपारा का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-3 अंतर्गत अवैध ब्रेकर, सार्वजनिक नल, पाईप लाइन लिकेज, जर्जर दुकान सहित सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा वार्ड पार्षद एन शैलजा के उपस्थिति में किया गया।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता द्वारा वार्ड 33 संतोषी पारा के चौंक-चौराहो पर बने अवैध ब्रेकर का जायजा लिया। सड़कों के बीच से अवैध ब्रेकर को जल्द ही हटाने निर्देशित किये है। साथ ही वार्ड में पेयजल हेतु बिछाये गये पाईप लाइन का अवलोकन किया। सभी पाईप लाईन लिकेज की जांच कर जल्द से जल्द ठीक कराने कहा गया है। वार्ड में निर्मित ग्राउण्ड के भीतर निर्माणाधीन डोम शेड, फुटपाथ, बाउण्ड्रीवाल एवं समतलीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। नागरिकों एवं बच्चो की सुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने कहा गया है। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत दुकानों का निर्माण किया गया है, जिसमें नागरिको द्वारा अवैध कब्जा कर निवास किया जा रहा है। आयुक्त ने नागरिको से चर्चा कर अपील की है कि जल्द ही कब्जा खाली कर प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास हेतु आवेदन जमा कर विस्थापन की प्रक्रिया कर लेवें। आयुक्त ने नागरिकों की सुविधा के लिए बनाने गये सार्वजनिक शौचालय का अवलोकन किया। शहर के सभी सार्वजनिक शौचालय का शीघ्र संधारण कराने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, अशोक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे आदि उपस्थित थे।



## मेक इन इंडिया और लोकल फॉर वोकल जैसे अभियानों से भारत मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे आत्मनिर्भर भारत अभियान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चरोदा निगम और जामुल पालिका क्षेत्र में आत्मनिर्भरता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, कार्यक्रम की प्रभारी चंद्रकांता मंडाले और सह प्रभारी महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश बीजपुरिया,जामुल नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ चरोदा और जामुल नगर पालिका में जागरुकता कार्यक्रम

सांसद विजय बघेल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान ने उत्पादन, उद्योग, कृषि और नवाचार के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। आज भारत रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देकर आयात पर निर्भरता कम कर रहा है और निर्यात की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ है स्थानीय उद्योगों को सशक्त करना, युवाओं को रोजगार देना और देश की आर्थिक नींव को मजबूत करना। मेक इन इंडिया और लोकल फॉर वोकल जैसे अभियानों से भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में बिना थके, बिना रुके, बिना डिगे आपकी कई वर्षों की लोक साधना में आस्था, अस्मिता, आधुनिकता, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को संरक्षण और संवर्धन मिलने के साथ ही हर स्तर पर वंचित को वरीयता प्राप्त हुई है। उनका जीवन लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला है। जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की प्रभारी चंद्रकांता मंडाले ने बताया गया कि लोकल फॉर वोकल का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, लघु उद्योगों और स्वदेशी उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## पेज 9 के शेष

### कलेक्टर ने बीजाभाट, सरदा ...

**किसानों की उपस्थिति में हो तौलाईः कलेक्टर :** तुलाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कहा कि तुलाई किसानों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से की जाए। इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों की नियमित जांच, तुलाई पर्चियों में सही प्रविष्टि एवं किसानों को समय पर पावती प्रदान करना अनिवार्य किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने केंद्रों में उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर टोकन वितरण, तुलाई की गति, बारदाना उपलब्धता, भुगतान प्रक्रिया एवं खरीदी से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

### फिर हटा फ्लैक्स, कबीर ...

लेकर एफआईआर करवाया जा रहा है। इस कृत्य से क्षेत्र के कबीरपंथी काफी दुखी है। अभी हमने कही सूचना नहीं दी है। इसी तरह की घटना कबीरधाम जिले के ग्राम नवागांव में हो चुकी है। इस घटना का क्या परिणाम आया है यह पूरा प्रदेश देख चुकी है। हमारे महापुरुषों का अपमान बार - बार हो रहा है। जबकि कबीर साहब तो मानव मानव एक समान का संदेश प्रदान किए है। आखिर हमारे महापुरुष से किसी को क्या तकलीफ है? आप यहां कबीरपंथी की संख्या देख सकते है।

**विभिन्न गांवों में प्रतिक्रियाः** ग्राम भटगांव निवासी ऊषा गुप्ता का कहना है कि ऐसी घटना लगातार हो रही है। इस पर रोक लगना चाहिए। हम बहुत दुखी है। कुंती साहू, ग्राम गाड़ाडीह ने बताया कि परपोड़ी में जो हमारे पूज्य संत का फ्लेक्स लगाया गया था उसे हटा दिया गया है जबकि चादर तिलक का आयोजन 23 जनवरी को है। फ्लैक्स हटने की जानकारी मिली तब मैने सबकों सूचना दी।

ग्राम गाड़ाडीह से 2 महिला एवं 3 पुरुष आए है। ऐसी घटना का बार बार होना तकलीफ देता है। दीक्षा गोस्वामी, निवासी परपोड़ी कहा कि भविष्य में ऐसी घटना नहीं होना चाहिए। हमारी आस्था और विश्वास को ठेस पहुंचता है। हमारे पंथ में किसी की निंदा नहीं करने की शिक्षा दी गई है। जिसका पालन सभी कबीर पंथी करते है।

**नगर में कहां-कहां लगे है फ्लैक्स :** नगर पंचायत परपोड़ी के सीएमओ विनीत सिंह के अनुसार कुल 6 होर्डिंग पंजीबद्ध है । जिनका नियत स्थान बाज़ार चौक 2 नग, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने 1 नग 3 अटल परिसर के बाजू में 1 नग, राजीव गांधी शासकीय विद्यालय 1 नग, बस स्टैंड के सामने 2 नग होर्डिंग है। इन होर्डिंग का प्रतिवर्ष के हिसाब से शुल्क 2 हजार रुपए है। नगर पंचायत परपोड़ी के होर्डिंग की अनुमति ए. एस. एडवरटाइजर्स, रायपुर एवं विनायक एडवर्टाइजनिग, रायपुर को मिला है। इनके अलावा कही भी होर्डिंग लगा है वह नियम के अनुसार गलत है।

### कलेक्टर ने ली शिक्षा ...

में सकारात्मक सुधार आता है। पीटीएम के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रगति, कमजोरियों एवं सुधारात्मक उपायों पर चर्चा की जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्री-बोर्ड परीक्षा के पश्चात पुनः विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें परीक्षा परिणामों एवं सुधारात्मक कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा।

### जिले में 10 नए प्रदूषण ...

को अब जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और समय एवं धन दोनों की बचत होगी। इस संबंध में जिले के समस्त पेट्रोल पम्प संचालक, केरोसिन/ विक्रेता, परिवहन सुविधा केन्द्र संचालक एवं वे आम नागरिक जो प्रदूषण जांच केन्द्र खोलने के इच्छुक हैं, उनसे अपील की गई है कि वे प्रदूषण जांच केन्द्र खोलने की प्रक्रिया, आवश्यक शर्तों एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय, जिला परिवहन अधिकारी, बेमेतरा (छत्तीसगढ़) में कार्यालयीन दिवसों एवं समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं। नए प्रदूषण जांच केन्द्रों की स्थापना से न केवल वाहन प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा और मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों का पालन करना आम नागरिकों के लिए और अधिक सहज हो सकेगा।

## खबर संक्षेप

### देवेंद्र साहू बने जिला साहू संघ के महासचिव, समाज में हर्ष



**बेमेतरा।** जिला साहू संघ बेमेतरा का शपथ ग्रहण समारोह बीते दिनों संपन्न हुआ। समारोह में जिला साहू संघ के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज सेवा और संगठन की मजबूती का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं निरेंद्र साहू, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहू संघ रहे जिन्होंने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। शपथ के दौरान समाज के प्रति बिना राग-द्वेष, सत्यनिष्ठा के साथ सामाजिक नियमों का पालन करते हुए संगठन को सशक्त बनाने तथा सामाजिक मर्यादा एवं गोपनीयता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता देवेंद्र साहू ने जिला साहू संघ बेमेतरा के महासचिव पद की शपथ ली। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। महासचिव पद पर नियुक्ति पर देवेंद्र साहू को बधाई देने वालों में विधायक दीपेश साहू, तेलघानी बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, थानेश्वर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, निखिल साहू, लाभचंद बाफना, होरीलाल सिन्हा, जिला साहू संघ दुर्ग के कार्यकारी अध्यक्ष लखनलाल साहू, देवलता, सरस्वती, लक्ष्मी, ममता, रामेश्वरी, दिनेश साहू, परमेश्वर साहू, दिनेश तिवारी, मोतीलाल वर्मा, सूरज मिश्रा, अमन दुबे, आयुष शुक्ला, राजेश्वरी, गीता, दुर्गा सहित अन्य नागरिक एवं पदाधिकारी शामिल रहे।

### बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा

**साल्हेवारा।** साल्हेवारा मंडल महिला मोर्चा की बैठक गत दिनों आयोजित की गई। बैठक में महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा किया। इस मौके पर महिला मोर्चा की गतिविधियों को बढ़ावा देने, नए सदस्यों को जोड़ने की रणनीति बनाई गई। सभी ने अपने विचार साझा करते हुए संगठन के विस्तार पर सुझाव दिए।

### मानस गायन सम्मलेन 10 से

**डोंगरगांव।** सांगिनकछार में मानस गायन एवं टीका सम्मेलन 10 एवं 11 जनवरी को आयोजित किया गया है। ग्राम के जितेन्द्र सिन्हा ने बताया कि 10 जनवरी को सुबह हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा जिसमें बच्चे एवं शिक्षक शामिल होंगे। तत्पश्चात मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी।

### मानस गायन 13 और 14 को

**डोंगरगढ़।** रामाटोला में मकर संक्रांति के अवसर पर आगामी 13 एवं 14 जनवरी को मानस सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। समिति प्रमुख तारमचंद देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां शामिल होकर मानस पाठ करेंगी। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहू, जिपं सदस्य महेंद्र यादव, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिपं सभापति प्रशांत कोड़पे, रामखिलावन दुबे, महेश सेन, प्रीति वैष्णव, उर्वशी वर्मा, पोषण साहू, पुष्पा वर्मा, बेनूराम वर्मा, संतोष देवांगन, अविनाश वर्मा, गोपी वर्मा, भीषम ठाकुर शामिल होंगे।

# नपाध्यक्ष विजय सिन्हा ने किया नगर विकास कार्य स्थलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- अध्यक्ष ने समयबद्ध कार्य और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

नगर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने गुरुवार नगर के विभिन्न वार्डों में प्रस्तावित एवं प्रगतिरत विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण में उनके साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ नरेश वर्मा,आर्किटेक, इंजीनियर तथा संबंधित वार्ड पार्षद भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम वार्ड क्रमांक 2, पिकरी स्थित मुक्तिधाम का अवलोकन किया गया। यहां साफ-सफाई, संरचनात्मक स्थिति, आवागमन व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष ने मुक्तिधाम में आवश्यक मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं सुविधाओं के विस्तार को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके पश्चात निरीक्षण दल ने वार्ड क्रमांक 6, मोहभठा गार्डन का भ्रमण किया।

गार्डन में हरियाली, बैठने की व्यवस्था, पाथवे, प्रकाश व्यवस्था तथा बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने गार्डन के सौंदर्यीकरण एवं नियमित रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों को जनोपयोगी एवं आकर्षक बनाया जाना आवश्यक है।

## मुक्तिधाम और मोहभठा गार्डन में सुविधाओं और सौंदर्यीकरण का किया अवलोकन

### लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान सीएमओ एवं तकनीकी अधिकारियों ने निर्माण कार्यों के तकनीकी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, वार्ड पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से अध्यक्ष को अवगत कराते हुए नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने की मांग रखी। बहरहाल नगर में चल रहे विकास कार्यों का यह निरीक्षण नगर के सौंदर्यीकरण, आधारभूत ढांचे को मजबूत करने तथा नागरिक सुविधाओं में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



### तुलित एवं समग्र विकास नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकताः नपाध्यक्ष

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि नगर के सभी वार्डों का संतुलित एवं समग्र विकास नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्थल निरीक्षण से जमीनी स्तर पर कार्यों की वास्तविक स्थिति सामने आती है, जिससे विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है।

## आयोजन

### चार दिवसीय अखंड नवधा रामायण सम्मेलन हुआ संपन्न

# राम और रामायण मनुष्य को सच्चाई कि राह दिखाते है: विधायक ईश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

- समापन सत्र में सहभागी मंडलियों को किया गया सम्मानित

जन समुदाय में आध्यात्मिक चेतना व जागृति लाने की दृष्टि से श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं मानस परिवार नगर पंचायत साजा द्वारा जन सहयोग से चार दिवसीय अखंड नवधा रामायण सम्मेलन पुराना बाजार चौक दुर्गा सांस्कृतिक मंच पर आयोजित किया गया। इसके समापन सत्र के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू का आयोजकों ने श्रीफल और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया।

लोक संस्कृति कर्मी एवं जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि ईश्वर साहू ने अपने ओजपूर्ण एवं लोकप्रिय शैली में दर्शक-श्रोताओं व मानस प्रेमियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि राम और रामायण मनुष्य को सच्चाई की राह दिखाता है। इसके अनुरुप अपने जीवन को सरल और सादगीपूर्ण बनाते हुए कर्म के साथ राम स्मरण अर्थात भक्ति रस में डूबे रहने की प्रेरणा दी। वहीं राम आएंगे आएंगे राम आएंगे। मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे। लोकप्रिय भजन गाकर लोगों को भाव-विभोर कर दिया। आम के फल को गिराने के लिए 'लबेदा' यानी लाठी मारनेतीसगढ़ी शब्दावली से जन समुदाय को






परिचित कराते हुए भक्ति व धीरज से फल प्राप्ति के महत्व को स्पष्ट किया। सम्मेलन के चौथे और अंतिम दिवस में 10 मानस मंडलियों ने मानस गंगा की अविरल धारा को प्रवाहित किया। इस मौके पर काफी संख्या में दर्शक-श्रोता उपस्थित रहे। मानस गान की अंतिम पदान पर संगवारी सत्संग मानस मंडली चेचानमेटा के सदस्यों ने लंका काण्ड की पंक्तियों का गायन करते हुए राक्षसों की नगरी लंका में सीता जी के सुरक्षित रहने के संघर्षपूर्ण जीवन का उल्लेख कर उसे नारी शक्ति का प्रतीक बताया। अंतिम दिवस की मानस मंडलियों के सुमधुर गायन-वादन के माध्यम से दर्शक श्रोता प्रभावित होकर मुक्तहस्त से प्रोत्साहन राशि भेंट किया। वहीं सहभागी मंडलियों को नगर के दानदाताओं के सहयोग से नकद राशि, सद्ग्रंथ, श्रीफल, कैलैंडर, गीता पुस्तिका भेंट कर सम्मानित किया गया। मानस मंडलियों के द्वारा लोक रंजन के माध्यम से मानस की गूढ़ रहस्यों और मर्यादित जीवन जीने के महत्व को सरलता से स्पष्ट किया गया।

### इन्होंने किया सक्रिय सहयोग

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि नारद देवांगन, पूर्व पार्षद नारद साहू, विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू, पार्षद कमल राजपूत, पार्षद आशीष वर्मा, संतोष यादव, लुक राम साहू, दुर्गा प्रसाद यादव, सुनील साहू, रुद्रा साहू सहित श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं मानस परिवार के सदस्य आयुष वर्मा, वीरेंद्र निषाद, अजय यादव, सागर निर्मलकर, यशवंत शर्मा, दीपक, सुनील राजपूत, दीपक जायसवाल, दीपक वर्मा, गजेंद्र साहू, नानू सिन्हा, नमन साहू, आकाश ताम्रकार, लक्की सिंह, भूपेंद्र सोनी, पवन सिंह आदि सहित मंच संचालन में रामाधार पटेल व किशन साहू ने सक्रियता से सहयोग किया।

# विद्यार्थी अपनी रचनात्मक ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर लक्ष्य हासिल कर सकते हैं: लेफ्टिनेंट राहुल



**बेमेतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतरा, विकासखंड साजा में शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विषय आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में छुपी शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रतिभा को पहचान कर उसे सही दिशा देना तथा उनकी जिज्ञासा व रुचि को विशेष रुचि में रूपांतरित करना रहा। मार्गदर्शक के रूप में लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा ने आर्मी ड्रेस में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

उन्होंने कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 300 विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के विभिन्न पड़ाव होते हैं और सही समय पर करियर का चुनाव करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय रहते लक्ष्य तय करने और निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। लेफ्टिनेंट वर्मा ने बोर्ड परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए उत्तर लेखन की तकनीक, 12वीं के बाद करियर विकल्प, इंडियन आर्मी व पुलिस भर्ती की तैयारी, नीट, आईआईटी, नर्सिंग, फार्मा, पीएससी एवं व्यापम सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी। साथ ही याद रखने की तकनीक, दैनिक अध्ययन की प्रेरणा और महापुरुषों की प्रेरक जीवनियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि नियमित और केंद्रित तीन घंटे की पढ़ाई से भी अच्छे परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं, बशर्ते समय का सही उपयोग किया जाए। कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता कमलेश कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यालय में आयोजित यह नवाचार कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने, उनकी रुचि पहचानने और सही करियर विकल्प चुनने में सहायक सिद्ध होगा। इससे विद्यार्थी अपनी रचनात्मक ऊर्जा और प्रतिभा को सही दिशा में लगाकर निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे और समाज व राष्ट्र के विकास में योगदान देंगे।

# गाडाडीह धान खरीदी केंद्र में 10 हजार कट्टा अमानक धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- युवा कांग्रेस ने की एफआईआर दर्ज करने और सोसायटी प्रबंधक निलंबित करने की मांग

साजा विधानसभा अंतर्गत गाडाडीह धान खरीदी केंद्र में गर्मी का अमानक महामाया धान 10 हजार कट्टा शासन द्वारा जप्त किए जाने के मामले में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे किसानों के साथ खुली लूट बताते हुए कहा कि यह पूरा मामला व्यापारियों और सोसायटी प्रबंधन की मिलीभगत का परिणाम है।

प्रांजल तिवारी ने कहा कि धान में भारी मात्रा में बदरा (कचरा) पाए जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि यह किसानों का नहीं बल्कि व्यापारियों का धान है, जिसे किसानों को ठगकर सोसायटियों के माध्यम से खपाया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पूरी तरह व्यापारियों के संरक्षण में काम कर रही है और यह सरकार किसान विरोधी है। सोसायटी प्रबंधक निलंबित हो ओर एफआईआर दर्ज की जाए युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने संबंधित सोसायटी समिति प्रबंधक में तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लीपापोती बर्दाश्त नहीं की जाएगी और युवा कांग्रेस किसानों के हक़ की लड़ाई को आख़िरी दम तक लड़ेगी। प्रांजल तिवारी ने कहा कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है। उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है और शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। प्रारंभिक जांच में धान की गुणवत्ता मानक से कम पाई गई है, जिससे शासन को भी आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस पूरे जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में सतत निरीक्षण और क्वालिटी जांच जारी रखेगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नए व पुराने धान का सही रिकॉर्ड रखा जा रहा है या नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उपार्जन केंद्रों में बड़े पैमाने पर पुराना धान खपाने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं नए धान की गुणवत्ता भी बेहद खराब पाई जा रही है।

### बारगांव स्कूल के छात्र रोवर-रेंजर जम्बूरी में शामिल होने हुए रवाना




**बेमेतरा/बेरला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव के चयनित छात्रों को प्राचार्य श्याम सिंह द्वारा राष्ट्र - छात्र- शिक्षा और शिक्षक के महत्व की जानकारी दिये देवधर कुमार देवांगन, महेश कुमार बांधे, हरीश साहू, भीष्म देव साहू, संजय बन्छोर, श्याम सुन्दर साहू, हिमाचल साहू, डी जी रानी साहू, पूर्णिमा साहू, भूपेश सिन्हा सबने छात्रों को अपने आशीर्वाद दिये एवं विद्यार्थियों द्वारा बधाई शुभकामनाए देते हुए हर्षोल्लास सहित रोवर लिडर ब्याख्याता डी आर साहू सहित चयनित छात्र चंदन साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, पुष्पा साहू, रेशमी सेन, दिया पाल, ईशा निषाद, तनु साहू, भावना देवांगन जम्बूरी मे सम्मिलित होने प्रस्थान किये।

### संकुल शैक्षिक समन्वयक ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**नवागढ़।** गुरुवार को संकुल शैक्षिक समन्वयक चुरामन प्रसाद वर्मा के निर्देशन में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला जंगलपुर में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को मिक्चर और लड्डु वितरित किए गए। कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंगलपुर की प्रभारी शिक्षिका सुनीता देवी राजपूत, शिक्षक अयोध्या सिंह राजपूत, परमेश्वर सिंह राजपूत तथा विद्यालय की रसोईया सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भोजन वितरण की व्यवस्था सुव्यवस्थित रूप से संचालित की। न्योता भोजन के समय बच्चों में विशेष उत्साह और आनंद देखा गया। छात्र-छात्राओं ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में भोजन ग्रहण किया। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों में सामाजिक समरसता, अनुशासन और विद्यालय से जुड़ाव को मजबूत करते हैं। अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरक कार्यक्रम जारी रहने की उम्मीद जताई।

# नवीन पाठ्यपुस्तक बच्चों की कल्पनाशीलता व रचनात्मक सोच को सशक्त बनाती है : देवांगन

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा



- साजा विकासखंड के तीनों केंद्रों में नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित एफएलएन प्रशिक्षण जोरों पर

साजा विकासखंड के अंतर्गत एफएलएन नवीन पाठ्यपुस्तक प्रशिक्षण केंद्र जोन थान खम्हरिया में 7 जनवरी एससीईआरटी रायपुर से राज्य स्रोत व्यक्ति (एसआरजी) पवन कुमार देवांगन प्रशिक्षण निरीक्षण के तौर पर उनके आगमन से प्रशिक्षार्थियों में विशेष उत्साह एवं गंभीरता देखने को मिली। निरीक्षण के दौरान एसआरजी पवन कुमार देवांगन ने प्रशिक्षण में अब तक हुई चर्चाओं व गतिविधियों पर प्रशिक्षार्थियों से प्रत्यक्ष फीडबैक लिया। प्रशिक्षार्थियों ने एफएलएन के उद्देश्यों, शिक्षण विधियों तथा कक्षा-आधारित क्रियान्वयन से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने मौखिक भाषा विकास विषय पर विशेष चर्चा करते हुए प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा विकास के महत्व को रेखांकित किया। संवाद, कहानी, गीत, प्रश्नोत्तर और गतिविधि आधारित शिक्षण पर बल देते हुए उन्होंने व्यवहारिक शिक्षण दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। साथ ही भविष्यवेधी शिक्षण के अंतर्गत 6C पर प्रकाश डालते हुए स्वयं और बच्चों को समय के साथ अपडेट रखने की आवश्यकता बताई। नवाचार के 7 बिंदुओं पर कार्य कर नवीन पाठ्यपुस्तक को सरल व रुचिकर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नवीन पाठ्यपुस्तक बच्चों में कल्पनाशीलता, खोजी प्रवृत्ति और रचनात्मक सोच को प्रभावी ढंग से विकसित करती है। संपूर्ण सत्र सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुआ और प्रशिक्षणार्थियों ने इसे ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायक बताया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स पवन साहू, धर्मेन्द्र देवांगन, जीवन चंदेल, हरि केडिया एवं तोपसिंह साहू द्वारा भाषा शिक्षण के फोर ब्लॉक मॉडल के अंतर्गत मौखिक भाषा पर चर्चा की गई। इस अवसर पर समस्त प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी पर दामाखेड़ा में होगा गुरुगद्दी समारोह

# कबीरपंथ समाज ने की बसंत पंचमी पर शराब-मांस पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



आगामी 23 जनवरी शुक्रवार कबीरपंथ वंश गुरुगद्दी के सोलहवें वंश प्रतापाचार्य पंथ उदितमुनि नाम साहब के विधिवत चादर तिलक समारोह का आयोजन कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में बसंत पंचमी के अवसर पर संपन्न होने जा रहा है।

इस आध्यात्मिक आयोजन को लेकर कबीरपंथ समाज में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण है। इसी क्रम में कबीरपंथ समाज बेमेतरा द्वारा जिला प्रशासन से एक महत्वपूर्ण मांग की गई है। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर बेमेतरा एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा को ज्ञापन सौंपते हुए 23 जनवरी को संपूर्ण बेमेतरा जिले में शराब एवं मांस की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कबीरपंथ का यह समारोह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अहिंसा, सदाचार, समरसता एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने वाला महापर्व है। ऐसे पवित्र अवसर पर नशा एवं मांसाहार जैसी गतिविधियाँ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के साथ-साथ सामाजिक शांति एवं अनुशासन को भी प्रभावित कर सकती हैं। कबीरपंथ समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि दामाखेड़ा देशभर में कबीरपंथ का प्रमुख तीर्थ स्थल है, जहां इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या एवं आयोजन की गरिमा को देखते हुए एक दिन का यह प्रतिबंध सामाजिक सौहार्द, कानून व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की भावनाओं के सम्मान की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। अंत में कबीरपंथ समाज ने कहा कि उन्हें आशा है कि जिला प्रशासन जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगा, जिससे यह पावन आयोजन शांतिपूर्ण, गरिमामय एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हो सके।

**ये रहे शामिलः** ज्ञापन देते समय कबीर पंथ समाज के खेलन सिंह वर्मा,रवि वर्मा सावित्री वर्मा, बीकु मानिकपुरी, अभय वर्मा, मुकेश वर्मा, प्यारेलाल वर्मा सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी शामिल रहे।




